

## एक नजर में

### 2 अपहृत बालिकाओं को 24 घंटे में ढूंढ निकाला

**तलेन 01 अगस्त, सं.** तलेन पुलिस ने 24 घंटे पूर्व अपहृत हुई 2 नाबालिग बालिकों को ढूंढ निकाला है. फरियादिया ने थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की उनकी नाबालिक बालिका जिसकी उम्र 16 साल तथा एक अन्य फरियादी जिनकी भी एक नाबालिक बालिका जिसकी उम्र 13 साल है दोनो को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर कर भगा कर ले गया है. घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी तलेन द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. पुलिस द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए दोनों बालिकाओं की खोजबीन प्रारंभ कर दी. पुलिस ने लगातार कठिन परिश्रम उपरांत 24 घंटे के अंदर नाबालिक बालिकाओं को सुरक्षित वा सकुशल दस्तयाब कर माता-पिता को सुपुर्द किया. उक्त संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी निरी. मेहताब सिंह ठाकुर, सउनि कैलाश नारायण यादव ,आर 802 देवेन्द्र जाट, म.आर 557 मीनु व आर.सुमित सायबर सेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

### बोड़ा-रोसला सड़क को लेकर पहुंचे ग्रामीण

**बोड़ा 01 अगस्त, सं.** नगर बोड़ा से रोसल गांव की ओर जाने वाला मार्ग बारिश में काफी जर्जर हो चुका है. सड़क का डामर निकल चुका है और गड्ढे हो गए है. यहां से बारिश का पानी भर जाता है. इसके कारण कई राहगीर और बाईक सवार गिरकर घायल हो चुके है. कई बाद एम्बुलेंस वाहन भी आपात स्थिति में यहां से निकल नहीं पाते है. इस मार्ग से ग्राम करवा, तूती, गागर, रोसला, धुंवाखेड़ी, बमोरी होते हुए तलेन पहुंचा जाता है. ग्रामीण जगदीश सिंह आदि ने टप्पा कार्यालय पहुंचकर आवेदन दिया है.

# दिन भर विवादों में घिरी रही सारंगपुर नपा

## समस्याओं को लेकर महिला वार्डवासियों ने नपा को घेरा, सफाईकर्मियों ने वेतन को लेकर किया काम बंद

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 01 अगस्त, सं. जिले में सारंगपुर नगर पालिका शुक्र वार को दिन भर चर्चा में रही. चर्चा भी सफाई से जुड़े विषय पर रही. एक ओर वार्ड के नागरिकों ने वार्ड में सड़क और नालियों विकास नहीं और सफाई व्यवस्था पर हल्ला बोल दिया. वहीं दूसरी ओर स्वयं सफाई कर्मचारी भी लामबंद नजर आए. वहीं इसके विपरीत जिला कलेक्टर ने करीब 18 कर्मचारियों को हटाने के निर्देश दिए. इस पूरे मामले में नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ भी अपनी-अपनी सफाई देते नजर आए. इस प्रकार शुक्रवार को सारंगपुर नगर पालिका सफाई को लेकर दिन भर घिरी रही.**

इतना ही नहीं कलेक्टर के आदेश के बाद नगर पालिका के 18 कर्मचारियों को स्थायी रूप से हटाने की बात सामने आई. मामले में सीएमओ ने अपना तर्क दिया और विभागीय मार्गदर्शन शेष कर्मचारियों को लेकर मांगने की बात कही है. पूरे मामले में नपा जनप्रतिनिधि और प्रशासन ने नागरिकों को आश्वासन देकर शांत कराया. वहीं कर्मचारियों को भी समझाईश देने का प्रयास किय गया है.



### सुदर्शन नगर में सड़क व नाली की समस्या

नगर पालिका के वार्ड 16 में सड़क व नाली की समस्या का समाधान करवाने की मांग को लेकर दिनेश धनगर के नेतृत्व में वार्ड की महिलाओं ने पालिका कार्यालय के बाहर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान नगर पालिका सीएमओ अधिकारी ज्योति सुनहरे की ओर से समस्या का हल कराने का आश्वासन देने के बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए. जानकारी के अनुसार दिनेश धनगर वार्ड नं 16 सुदर्शन नगर की महिलाओ के साथ नगर पालिका कार्यालय पहुंचे एवं प्रवेशद्वार के बाहर प्रशासन के खिलाफ नारे लगवाने लगी. महिलाओं का कहना था कि उनके वार्ड क्षेत्र में सडक व पानी निकासी की नालियां टूट गई है. न तो नालियों की मरम्मत करवाई जा रही है और न ही सडक का निर्माण हो रहा है. वार्ड की समस्याओं को लेकर दिनेश धनगर की ओर से कई बार नगर पालिका अधिकारियों को अवगत करवाया गया, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहे है. प्रदर्शनकारियों ने पालिका कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी की एवं वार्ड की समस्याओं का जल्द निराकरण कराने की मांग की. सीएमओ ज्योति सुनहरे की ओर से आश्वासन दिया कि समस्याओं का जल्द निराकरण कर दिया जाएगा. इसके बाद नारेबाजी बंद की एवं वह अपने घरों की ओर रवाना हुए. इस मौके पर राणू राजपूत, कविता विजयवर्गीय, बसकन्या धनगर, कंचन बाई, सीमा बाई, सुषमा, मंजू, रुक्मणी, रीना, सीता शर्मा, पिंकी धनगर, चंदा राजपूत, मंजूलता तिवारी, राधा धनगर, सुनीता धनगर, संगीता धनगर, ज्योति धनगर, कृष्णा धनगर, गीता धनगर, मनीषा धनगर, कौशल्या धनगर, पुष्पा धनगर, पिंगला धनगर, आशा धनगर, यमुना भाई धनगर आदि मौजूद रहे.




### वेतन को लेकर 110 कर्मियों ने काम बंद किया

वेतन के अभाव में सारंगपुर नगर पालिका के 110 सफाई कर्मियों ने गुरुवार दोपहर से काम बन्द कर दिया है. इससे शहर में कचरे का अंबार लगने का डर है. गुरुवार को सफाई कर्मियों ने सीएमओ ज्योति सुनहरे को आवेदन दे कर मांगों की पूर्ति के लिए गुहार लगाई है. सफाई कर्मियों का कहना है कि निर्धारित वेतन भी नपा द्वारा समय पर आवंटित नहीं किया जा रहा जिससे सफाई कर्मियों को काफी परेशानी उठाना पड रही है. अभी भी उन्हें दो माह से वेतन नहीं मिला है. सीएमओ ज्योति सुनहरे ने कहा है कि कर्मचारियों द्वारा दो माह के वेतन की मांग की जा रही है जबकि 31 तारीख होने से माह समाप्त होने के पहले वेतन नहीं दिया जा सकता. हम एक माह का वेतन दे रहे हैं. उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 के मामले में प्रकरण कलेक्टर के समक्ष संबंधित है उसमें हम कुछ नहीं कर सकते. नपा अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने सभी की बैठक लेकर बताया की सभी के साथ बैठकर उनकी समस्याओं का निदान किया. उनके द्वारा की गई हड़ताल को खत्म करवाया. उन्होंनें कहा कि मैं राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, जिला कलेक्टर , परियोजना अधिकारी , वाल्मिकी समाज के नेता गण और वरिष्ठ पार्षद गोपाल पाल अमित गिरजे राकेश पुष्पद बाबूलाल अहीरवार का धन्यवाद देता हूं. नगर पालिका में शुक्रवार को 18 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को स्थायी रूप से हटा दिया गया. ये कर्मचारी निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर अनुपस्थित पाए गए थे. कलेक्टर ने 2016 के बाद नियुक्त सभी 110 मस्टर कर्मचारियों को कलेक्टर ने सीएमओ को ये पत्र जारी किया था. सीएमओ ने बताया कि निरीक्षण के दौरान 18 कर्मचारी कार्यस्थल पर अनुपस्थित मिले. शेष कर्मचारियों के बारे में विभागीय मार्गदर्शन मांगा गया है.



# अंतत: करोड़ों के पैकेज की सड़कों पर पेंचवर्क शुरू हुआ

**खबर का असर**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 01 अगस्त, का.** जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री अधोसंरचना के अंतर्गत करोड़ों रूपए के पैकेज खर्च कर बनाई गई सड़के कुछ महीनों भी नहीं टिक पाई. बारिश ने इन सड़कों के निर्माण कौशल और गुणवत्ता की पोल खोल दी. मामले में नवभारत द्वारा प्रमुखता से समाचार का प्रकाशन किया गया था इसके बाद स्थानीय नपा अमला और प्रशासन संबंधित विभाग के साथ इसकी दुरूस्ती में लगा. कुल मिलाकर हुआ वही कि करोड़ों के पैकेज पर लाखों के पैंचवर्क शुरू हो चुका है. अब यह पेंचवर्क भी कितने दिनों तक टिक पाएगा देखने वाली बात होगी.

उल्लेखनीय है कि शहर में मुख्यमंत्री अधोसंरचना के नाम पर करोड़ों के पैकेज तैयार कर सड़कों का चौड़ीकरण किया गया था. सड़कों को




बिना योजना, तकनीकि दृष्टिकोण और बेतरतीब तरीके से बनाने के कारण पहली ही बरसात में इन मार्गों ने दम तोड़ दिया है. सड़क निर्माण के दौरान मुरम जल्द बाजी में सीधे मुरम का बेस बना कर डामरीकरण कर दिया गया. सड़क बनाने से पहले यदि तकीनीकी ड्रेनेज सिस्टम पर ध्यान दिया जाता तो शासन के रूपए का उचित उपयोग हो जाता. अब ड्रेनेज नहीं होने से पानी सड़क पर ही जमा होता है और वह क्रस्ट को कमजोर कर रहा है. जिससे सड़क उधड़ रही है.

## अनोखी सजा : 20 दिनों तक मुजरिम लगाएंगे पौधे

**नवभारत न्यूज, खिलीचीपुर 01 अगस्त, सं.** भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव यशवंतपुर में वर्ष 2019 में दो पक्षों में रास्ते पर पाइपलाइन बिछाने और गड्ढे खोदने की बात पर विवाद हुआ था. मामले में लोक अभियोजक विजय सिंह सिसोदिया की दलीलों पर अपर सत्र न्यायाधीश ने दोनों पक्षों को आरोपी मानते हुए सजा सुनाई है. एक पक्ष के पांच आरोपी निर्भय सिंह, भगवान सिंह, कमल सिंह, राकेश सिंह और कनीराम ग्राम यशवंतपुरा को 20 दिन में 20-20 औषधीय पौधे लगाने का आदेश सुनाया है.

## नायब तहसीलदार को नोटिस, रीडर निलंबित

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 01 अगस्त, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने टप्पा कार्यालय छापीहेड़ा निरीक्षण के दौरान राजस्व प्रकरण का समय-सीमा में निराकरण नहीं करने पर नायब तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस व रीडर को निलंबित करने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने जनपद खिलचीपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत कांकरिया, जटामडी, भाटखेडा एवं पानखेडी का निरीक्षण किया गया. ग्राम पंचायत कांकरिया में आंगनवाडी केन्द्र में टीकाकरण संबंधी जानकारी ली गई. ग्राम पंचायत जटामडी में ग्राम पंचायत भवन नहीं खोले जाने के संबंध में सचिव को कारण बताओ पत्र जारी करने के निर्देश दिये. ग्राम भाटखेडा में रोजगार सहायक अनुपस्थित होने के कारण कार्यवाही करने के निर्देश दिए.

## उद्योग तथा निवेश समिति की बैठक 05 को

**राजगढ़ 01 अगस्त, का.** जिला स्तरीय उद्योग संवर्धन बोर्ड तथा निवेश संवर्धन एवं समन्वय समिति की बैठक का आयोजन कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में 05 अगस्त को सायं 04 बजे से ओसवाल वूलन मिल्स लिमिटेड के कान्फ्रेंस हॉल पीलूखेडी में किया जाएगा.

## किसानों ने की बारिश से खराब हुई फसलों के मुआवजे की मांग

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 01 अगस्त, का.** अतिवृष्टि के कारण राजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है. नष्ट हुई फसलों का सर्वे कर उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर शुक्रवार को बड़ी संख्या में किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा ज्ञापन सौंपा. पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा एडीएम शिवप्रसाद मंडराह को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन में कहा गया कि राजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम करेड़ी, गोरखपुरा, गेंहूखेड़ी, राजपुरा, कोलुखेड़ी, खारचाखेड़ी, खैरासी, टोडरी, हताईखेड़ा, तलाइखेड़ा, पीपल्याकुमार, खजुरी, करेडा, जलालिया, रोजड, लिम्बोदा, चौंसला, तुमडियाखेड़ी, गुराडिया, खेड़ी, घोड़ाखेड, राघोखेड़ी, बरखेड़ा, सरेडी, विनेन्द्रपुरा, फुलखेड़ी आदि अन्य गांवों में सोयाबीन की फसल को अति वृष्टि के कारण बुरी तरह नुकसान पहुंचा है. किसानों का कहना है कि दो-दो बार बोवनी करने के बाद भी अधिक बारिश होने से फसलें नहीं आ पायी. ज्ञापन में जल्द से जल्द नष्ट फसलों का सर्वे करवाकर उचित मुआवजा राशि एवं फसल बीमा का लाभ देने की मांग की गई.

## शिव मंदिर पर किया अखण्ड सावन गीत का आयोजन

**पड़ाना 01 अगस्त, सं.** श्रावण मास के चलते शिवालयों पर रुद्र अभिषेक एवं जल अभिषेक का आयोजन हो रहा है. आकर्षक श्रंगार, बेलपत्र आंकड़ा धतूरा पुष्प इत्यादि से किया जा रहा है. इसी के चलते नगर के शीतला माता चौराहा पर श्री रामेश्वरम महादेव, प्राचीन झिंरी स्थान पर काशी विश्वनाथ मंदिर, इत्यादि मंदिरों पर महिलाओं द्वारा श्रावणी गाई जा रही है.


